**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–20.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– दो अक्टूबर तक 14 लाख आँगनवाड़ी केंद्रों पर लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, बोकारो समेत राज्य भर में 11,790 शिविरों का आयोजन शुरू।**
2. **एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर कुड़मी समाज के लोगों ने 35 से अधिक स्टेशनों पर ट्रेनें रोकी, कई ट्रेनें रद्द, कइयों के मार्ग बदले, यात्री परेशान।**
3. **कोल इंडिया लिमिटेड के नए अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक होंगे बी साईराम , कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने जारी की अधिसूचना।**
4. **मौसम विभाग ने 26 सितंबर तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की जताई संभावना, तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी आशंका**

**और**

5. **रांची में 22 से 24 सितम्बर तक होगा 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन, खेल निदेशक ने एथलीटों से मिलकर बढ़ाया उनका हौसला**

*******************

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि **स्वस्थ नारी सशक्त परिवार** अभियान के तहत एक लाख से भी ज्यादा निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाए गए हैं, जहां पर महिलाएं और बच्चे अपने स्वास्थ्य की जांच करा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पोषण माह की भी शुरुआत हो रही है, जिसमें 14 लाख आँगनवाड़ी केंद्रों पर यह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच हो सकेगी। केंद्रीय मंत्री आज गिरिडीह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवनी पर आधारित एक फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

इधर, बोकारो समेत राज्य भर में आज से 11,790 शिविरों के आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया है। इन शिविरों में कैंसर जाँच, हड्डी रोग, मानसिक स्वास्थ्य और त्वचा देखभाल सेवाएँ प्रदान की जाएँगी।

*******************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि राज्य सरकार अब विभिन्न निजी कंपनियों की ओर से किए जा रहे सीएसआर फंड के इस्तेमाल पर नजर रखेगी। मंत्री आज रांची में आयोजित चौथे झारखण्ड माइनिंग समिट को सम्बोधित कर रहे थे।

*******************

कुड़मी समाज के लोगों द्वारा एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर आज राज्य के लगभग 35 स्टेशनों के रेलवे ट्रैक पर धरना–प्रदर्शन के कारण रेल परिचालन प्रभावित हो गया। विभिन्न जगहों पर मालगाड़ी, पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों समेत वंदे भारत तक घंटों रुकी रहीं। रेलवे ने आज रांची–राजधानी समेत कई ट्रेनों को रद्द कर दिया और कई के मार्ग बदलने के साथ–साथ कई ट्रेनों का आंशिक परिचालन किया गया। आंदोलनकारियों ने रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर, सरायकेला और गिरिडीह समेत अन्य जगहों के रेलवे

ट्रैक पर बैठकर अपना विरोध जताया। रामगढ़ में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो भी रेल रोको आंदोलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह एक लम्बी लड़ाई है।

*******************

**बी साईराम** कोल इंडिया लिमिटेड के नए अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक होंगे। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने आज इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। साईराम वर्तमान में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हैं।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि विजयादशमी का आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा के साथ–साथ सामाजिक एकता, भाईचारे और सामूहिक उत्सव का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर समाज में समरसता, सौहार्द और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। श्री सोरेन आज पंजाबी–हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी, श्री दुर्गा पूजा और रावण दहन समिति के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर रहे थे।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, देश में कर–व्यवस्था में सुधार की घोषणा की थी ताकि आम जनता पर से आर्थिक बोझ कम हो। नई दरें आगामी सोमवार से लागू हो रही हैं। आज इस क्रम में हम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्र पर जीएसटी सुधार के प्रभावों की चर्चा कर रहे हैं।

*******************

रेल मंत्रालय ने जीएसटी में कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के प्रयास में रेलगाड़ियों और रेलवे परिसरों में उपलब्ध पेयजल बोतल की अधिकतम खुदरा कीमत में कटौती की घोषणा की है। एक लीटर पेयजल बोतल की कीमत पहले के पंद्रह रुपये से घटाकर चौदह रुपये की जाएगी जो सोमवार से लागू होगी।

*******************

रांची के खेलगाँव में चल रहे रक्षा प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी – ईस्ट टेक 2025 के दूसरे दिन आज अत्याधुनिक स्वदेशी रक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा आज **झारखंड में एमएसएमई और रक्षा गलियारा विकास** विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस दौरान रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व पर ज़ोर दिया गया।

*******************

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आदि कर्मयोगी अभियान के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले के 927 गांव में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना की जा रही है। और अधिक जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

*******************

मौसम विभाग ने 26 सितंबर तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी आशंका है।

*******************

रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 22 से 24 सितम्बर तक 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए चल रहे दस दिवसीय विशेष कोचिंग कैंप में आज खेल निदेशक शेखर जमुआर पहुंचे, जहां उन्होंने एथलीटों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया।

******समाप्त********